# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (22.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 22.12.2024, PAGE-06**

### लॉ प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

मुजफ्फरपुर। लॉ प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 851 अभ्यर्थी इसमें पास हुए हैं। लॉ में दाखिला 2 से 10 जनवरी तक होगा। 13 कॉलेज में अभ्यर्थियों का दाखिला होगा। अक्टूबर में लॉ की प्रवेश परीक्षा हुई थी। लॉ में कट ऑफ घटाकर 25 कर दिया गया था।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFAPUR, DATE : 22.12.2024, PAGE-04**

### अब विश्वविद्यालय बनाएगा कालेज के विद्यार्थियों का अपार

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्तर से अब छात्र-छात्राओं का अपार कार्ड बनाया जाएगा। अब तक किसी कारणवश कार्ड नहीं बना सकने वाले विद्यार्थियों की पहचान करते हुए उसकी पूरी जानकारी विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। दो दिनों में सभी अंगीभूत कालेज, संबद्ध कालेज से लेकर पीजी विभाग छात्र-छात्राओं से जुड़ी हर जानकारी विश्वविद्यालय को गूगल फार्म में भेजेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से गूगल फार्म जारी किया गया है। सभी कालेजों और पीजी विभागों से जानकारी आने के बाद विश्वविद्यालय स्तर से ही सभी विद्यार्थियों का अपार कार्ड बनवाया जाएगा। लगातार निर्देश दिए जाने के बाद भी कालेजों के स्तर से अपार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। दूसरी ओर निदेशालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार 31 दिसंबर तक अपार कार्ड का निर्माण कार्य पूरा करना है। अपार कार्ड समिति के सदस्य डा. मो. इम्तियाज अनवर ने बताया कि दो दिनों में छात्रों की जानकारी उपलब्ध करानी है।

#### अपार आइडी बनाने के लिए 16 प्रखंडों में होगी आनलाइन मीटिंग

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : जिले के सरकारी स्कूलों में अपार आइडी निर्माण के लिए अब 16 प्रखंडों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक होगी। सोमवार को अलग-अलग समय में सभी प्रखंडों की बैठक होगी। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किया गया है। बताया गया है कि बार-बार निर्देश के बाद भी नामांकित छात्र-छात्राओं के अपार कार्ड निर्माण में प्रखंड दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इस कारण जिला शिक्षा विभाग से अपार कार्ड निर्माण में तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए आनलाइन मीटिंग का निर्धारण किया गया है। सरैया, कांटी, बोचहां और पारू को नोडल प्रखंड नियुक्त किया गया है। सोमवार को सबसे पहले 11-12 बजे तक सरैया, सकरा, मुरौल और मीनापुर, 12 से एक बजे तक कांटी, गायघाट, मुशहरी और साहेबगंज, एक से दो बजे तक बोचहां, बंदरा, कुढ़नी व कटरा, दो से तीन बजे तक पारू, मोतीपुर, औराई और मड़वन के लिए समय निर्धारित किया गया है।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 22.12.2024, PAGE-04


# महिला सशक्तीकरण व स्त्री शिक्षा के लिए आरबीबीएम कालेज पथ प्रदर्शक



आरबीबीएम में आइक्यूएसी रूम का उदघाटन करते कुलपति प्रो .डीसी राय • सौ. कालेज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी का व्यक्तित्व विराट है। महिला सशक्तीकरण और स्त्री शिक्षा के लिए उनके विचार और आरबीबीएम कालेज दोनों ही पथ प्रदर्शक हैं। ये रामवृक्ष बेनीपुरी की 126वीं जयंती की पूर्व संध्या पर आरबीबीएम कालेज में व्याख्यान, सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुल और माटी व्यक्ति को खींचती है। इसी वजह से वह यहां के हो गए हैं। अब काशी याद नहीं आती। इस अवसर पर कालेज की कला टापर खुशी और विज्ञान टापर कविता को अवध ठाकुर रंभा देवी छात्रवृत्ति के तहत दो हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व कुलपति ने महाविद्यालय में आइक्यूएसी रूम का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा. पूनम सिन्हा को बेनीपुरी साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि रामवृक्ष बेनीपुरी की पुत्रवधू और आरबीबीएम कालेज की पूर्व प्राचार्य प्रो.शीला बेनीपुरी सपरिवार उपस्थित रहीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर पूर्व कुलपति प्रो. रिपुसूदन श्रीवास्तव, डीन डा. आलोक प्रताप सिंह, प्राक्टर प्रो. बीएस राय समेत अन्य अधिकारियों का स्वागत प्राचार्य डा. ममता रानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डा. चेतना वर्मा ने किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:22.12.2024, PAGE-04


# दो महीने की प्रतीक्षा के बाद ला प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में दो महीने के इंतजार के बाद ला प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। इसके साथ ही ला कालेजों में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पहली मेधा सूची जारी की गई है।

तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में 1054 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें पहली सूची में 852 को जगह मिली है। वहीं पांच वर्षीय ला कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में 361 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें पहली मेधा सूची में 291 विद्यार्थियों को जगह मिली है। विश्वविद्यालय की ओर से 10 कालेजों में नामांकन के लिए मेधा सूची जारी की गई है। अब दो जनवरी से 10 जनवरी तक मेधा सूची के आधार पर कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया होगी। सभी कालेजों को 11 जनवरी को हुए नामांकन की रिपोर्ट विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। अगर कोई विद्यार्थी निर्धारित अवधि में नामांकन के लिए कालेज में नहीं पहुंचता है तो उसका नामांकन किसी भी परिस्थिति में नहीं होगा। बताया जा रहा है कि प्रवेश परीक्षा में टाप करने वाले विद्यार्थी को 45 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि ला प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर इसे चेक कर सकते हैं।

**10** **कालेजों में पहली मेधा सूची पर दो से 10 जनवरी तक होगा नामांकन**

**कब से कक्षाओं का संचालन, इसका आधिकारिक निर्देश नहीं:** ला कोर्स में जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया होगी। दूसरी ओर कालेजों में कक्षाओं का संचालन कब से होगा, इसका कोई आधिकारिक निर्देश अब तक विश्वविद्यालय की ओर से नहीं जारी किया गया है। वैसे बताया जा रहा है कि 25 जनवरी के बाद कक्षाओं का संचालन शुरू किया जा सकता है। अब सबसे बड़ी चुनौती ला कोर्स का पाठ्यक्रम समय पर समाप्त करने की होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR
MUZAFFAPRUR
DATE:22.12.2024
PAGE-04

## प्री लॉ व एलएलबी की मेरिट लिस्ट जारी

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विवि में दो महीने के इंतजार के बाद लॉ प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। लॉ कालेजों में नामांकन के लिए विवि की ओर से पहली मेरिट लिस्ट भी जारी की गई है। मेरिट लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों को आवंटित कॉलेज में 2 से 10 जनवरी तक एडमिशन लेना होगा। तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में 1054 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें पहली सुची में 852 अभ्यर्थियों को जगह मिली है। वहीं, 5 वर्षीय प्री लॉ कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में 361 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें पहली मेधा सूची में 291 को जगह मिली है। विवि की ओर से 10 कॉलेजों में नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट जारी की गई है। कहा गया है कि 2 जनवरी से 10 जनवरी तक कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया होगी। सभी कॉलेजों को 11 जनवरी को नामांकन की रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 22.12.2024, PAGE-04**

# विश्वविद्यालय की वुशू टीम में 12 खिलाड़ियों का चयन

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विवि के निर्देश पर वार्षिक खेल कार्यक्रम के तहत पर रामेश्वर कॉलेज की मेजबानी में अंतर महाविद्यालय वुशू चयन प्रतियोगिता का आयोजन खेल भवन सिकंदरपुर में किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को विभिन्न वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन विवि टीम के लिए किया गया। 48 किलो भार वर्ग में अनोज कुमार (नीतीश्वर कॉलेज), 52 में राजा कुमार (आरडीएस कॉलेज), 56 में हर्षराज (एलएन मिश्रा कॉलेज), 60 में अनुराग कौशिक (आरसी कॉलेज सकरा), 65 में अमन कुमार (एलएस कॉलेज), 70 में अभिषेक कुमार (तिरहुत शारीरिक प्रशिक्षण कॉलेज झपहां), 75 में विशाल कुमार (तिरहुत कॉलेज झपहां), 80 में नितेश कुमार ठाकुर (एलएस कॉलेज), 90 में मोहम्मद इमरान (डीसी कॉलेज हाजीपुर), 45 किलोग्राम में वैष्णवी कुमारी (एलएस कॉलेज) को चुना गया। तलवारबाजी में एमडीडीएम कॉलेज की अनोखी कुमारी व रामेश्वर कॉलेज के अंकुर राज का चयन किया गया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:22.12.2024, PAGE-04

बेनीपुरी की जयंती • व्याख्यान व सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम

## स्त्री के लिए बेनीपुरी के विचार और महाविद्यालय पथ प्रदर्शक : कुलपति

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर



कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी की 126वीं जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को रामवृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय में व्याख्यान व सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि स्त्री के लिए बेनीपुरी के विचार और यह महाविद्यालय दोनों ही पथ प्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि अपने सीमित संसाधन में कॉलेज ने अच्छी प्रगति की है। मुख्य अतिथि के रूप में बेनीपुरी की पुत्रवधू व कॉलेज की पूर्व प्राचार्य प्रो. शीला बेनीपुरी सपरिवार उपस्थित रहीं। इस दौरान बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, पूर्व कुलपति डॉ. रिपुसूदन श्रीवास्तव, कुलानुशासक प्रो. बीएस राय, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आलोक प्रताप सिंह, स्पोर्ट्स एडवाइजर संजय कुमार, प्राचार्य डॉ. अनीता सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. संजीव मिश्र, डॉ. ललन झा, डॉ. जयकर सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, महाविद्यालय के के पूर्व प्राचार्य और प्राध्यापकों को प्राचार्य डॉ. ममता रानी ने गुलाब का पौधा, अंगवस्त्र और बेनीपुरी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अशोक निगम ने किया। डॉ. रामेश्वर राय, डॉ. रेनुबाला, डॉ. अंजू, नूपुर वर्मा, डॉ. अंकिता, डॉ. अफरोज, डॉ. निशात फातिमा, डॉ. अनु, डॉ. रूपम, डॉ. दिव्या, डॉ. अनुपम, डॉ. प्रियंका आदि थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:22.12.2024, PAGE-04

## लॉ व प्री लॉ के 852 अभ्यर्थियों को पहली सूची में मिली जगह

# दो माह बाद जारी हुआ लॉ की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट

- 2-10 जनवरी तक आवंटित कॉलेजों में नामांकन ले सकेंगे

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू की ओर से प्रवेश परीक्षा के आयोजन के दो महीने बीत जाने के बाद शनिवार को इसका रिजल्ट जारी किया गया. एलएलबी व प्री लॉ को मिलाकर 852 अभ्यर्थियों को पहली मेधा सूची में शामिल किया गया है. विवि से कहा गया है कि चयनित अभ्यर्थी संबंधित कॉलेजों में दो से 10 जनवरी तक दाखिला ले सकेंगे. इसके बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो दूसरी सूची पर विचार किया जायेगा. तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में कुल 1054 और पांच वर्षीय प्री लॉ कोर्स में 361 अभ्यर्थी शामिल हुए थे. कुल 10 लॉ कॉलेजों में छात्र-छात्राओं का नाम आवंटित किया गया है. सभी कॉलेजों को निर्देश दिया गया है कि 10 जनवरी तक नामांकन लेने के बाद इसकी रिपोर्ट 11 जनवरी तक हर हाल में विवि को उपलब्ध करा दें. इसके बाद रिक्त सीटों पर दूसरी सूची जारी करने पर विचार किया जायेगा. कहा गया है कि जिन अभ्यर्थियों का कॉलेज आवंटन हो गया है यदि वे किसी कारण नामांकन नहीं लेते हैं तो आगे उन्हें मौका नहीं दिया जायेगा.

### कॉलेजों में रिक्त रह जायेंगी सीटें

एलएलबी व बीए एलएलबी की पढ़ाई इस वर्ष से कई नये कॉलेजों में शुरू हुई है. ऐसे में दोनों कोर्स में सीटों की संख्या में इजाफा हुआ है. विवि की ओर से जारी सूची के अनुसार यदि शत प्रतिशत छात्रों का भी यदि नामांकन हो जाता है तो दोनों कोर्स में सीटें रिक्त रह जायेंगी. प्रवेश परीक्षा में सीट से कम विद्यार्थी शामिल हुए थे. दूसरी ओर परिणाम में काफी स्टूडेंट्स असफल हो गये. ऐसे में कॉलेजों में सीटें रिक्त रहना तय है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:22.12.2024, PAGE-04

# बेनीपुरी साहित्य सम्मान से नवाजी गयीं डॉ पूनम

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- रामवृक्ष बेनीपुरी की जयंती की पूर्व संध्या पर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम
- वक्ताओं ने रखे अपने विचार, व्यक्तित्व को किया याद
- महिलाओं के लिए बेनीपुरी के विचार व आरबीबीएम कॉलेज दोनों पथ प्रदर्शक

रामवृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय में कलम के जादूगर रामवृक्ष बेनीपुरी की 126वीं जयंती की पूर्व संध्या पर व्याख्यान, सम्मान सह सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. मुख्य अतिथि रामवृक्ष बेनीपुरी की पुत्रवधू प्रो शीला बेनीपुरी सपरिवार उपस्थित रहीं.

बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय, पूर्व कुलपति प्रो रिपुसुदन श्रीवास्तव, कुलानुशासक प्रो बीएस राय, डीन आलोक प्रताप, क्रीड़ा एडवाइजर संजय कुमार, प्राचार्य डॉ अनीता सिंह, डॉ मनोज, डॉ अमित शर्मा, डॉ संजीव मिश्र, डॉ ललन झा सहित विवि के सभी पदाधिकारी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, कॉलेज से जुड़े पूर्व प्राचार्य व प्राध्यापकों को प्राचार्य डॉ ममता रानी ने गुलाब का पौधा, अंगवस्त्र व बेनीपुरी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया.

वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय ने बेनीपुरी जी को विराट व्यक्तित्व बताया. कहा कि स्त्री के लिए उनके विचार व यह महाविद्यालय दोनों ही पथ प्रदर्शक हैं.




आरबीबीएम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति व अन्य.

उन्होंने कहा कि अपने सीमित संसाधन में कॉलेज ने अच्छी प्रगति की है. कुल व माटी व्यक्ति को खींचते हैं और मैं इसी खिंचाव की वजह से यहां का हो गया हूं. बेनीपुरी साहित्य सम्मान से पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ पूनम सिन्हा सम्मानित की गयीं.

पुरस्कार दिया गया. हिंदी हैं हम पखवाड़ा कार्यक्रम में आठ स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बेनीपुरी न्यास समिति की ओर से एक-एक हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया.

इस अवसर पर कॉलेज के संजय पांडेय, ऋषिकेश, सरोज व अंकिता ने सामान्य प्रशाखा को चार पंखे का दान किया. हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ हेमा ने द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रमाणपत्र व बेनीपुरी कथासंग्रह, निबंध संग्रह, सामान्य ज्ञान, शब्दकोश चित्रकला सामग्री देकर पुरस्कृत किया.कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ चेतना वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ अशोक निगम ने किया.

डॉ रामेश्वर राय, डॉ रेनुबाला, डॉ अंजू, नूपुर वर्मा, डॉ अंकिता, डॉ अफरोज, डॉ निशांत फातिमा, डॉ अनु, डॉ रूपम, डॉ दिव्या, डॉ अनुपम, डॉ प्रियंका, डॉ अनिमा, डॉ सबीना, डॉ अफशा, डॉ अभय, डॉ राकेश, डॉ रागिनी, डॉ प्रज्ञा सुरभि, डॉ पुतुल, डॉ शिप्रा, डॉ नीलेश, डॉ मीनू , डॉ अंजलि चंद्रा , डॉ नीलू, डॉ विनीता, डॉ जयश्री, डॉ मंजुल सहित सभी प्राध्यापकों ने कार्यक्रम में भूमिका निभायी. केशु रंजन, विशाल, अंकिता, दिव्या कोमल ने भी सहयोग किया.